



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**जनवरी-2019**

*अन्दर के पृष्ठों पर.......*

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## सहायक रेडियो अधिकारी एवं रेडियो निरीक्षकों का प्रशिक्षण

पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश के निदेशानुसार विगत वर्षों में रेडियो उपनिरीक्षक से रेडियो निरीक्षक एवं रेडियो निरीक्षक से सहायक रेडियो अधिकारी पद पर प्रोन्नति पाने वाले 24 अधिकारियों का 04 दिवसीय प्रशिक्षण पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ पर दिनांक 03.12.2018 से 06.12.2018 तक सम्पन्न कराया गया। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले अधिकारी प्रदेश के विभिन्न जनपदों एवं पीएसी वाहिनियों में नियुक्त हैं। प्रशिक्षण में विभागीय विषयों के व्याख्यानों के अतिरिक्त तनाव एवं उसका प्रबन्धन, विभागीय जाँच/दण्ड/अपील/रिवीज़न इत्यादि कार्यवाहियाँ, फाइनेंशियल/इनवेस्टमेण्ट मैनेजमेण्ट, प्रिवेंन्टिव हेल्थ मैनेजमेण्ट इत्यादि विषयों पर विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान भी हुए। प्रस्तुत फीडबैक द्वारा प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं सराहनीय बताया तथा इस प्रकार के और प्रशिक्षण आयोजित किये जाने का अनुरोध किया।

उक्त सम्पन्न प्रशिक्षण से पूर्व पदोन्नति प्राप्त 27 सहायक रेडियो अधिकारी/रेडियो निरीक्षक हेतु एक बैच का 04 दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 26.11.2018 से 29.11.2018 तक सम्पन्न किया गया। इस प्रकार वर्ष 2016, 2017 एवं 2018 में पदोन्नति प्राप्त करने वाले 51 सहायक रेडियो अधिकारी/रेडियो निरीक्षकगण को उपरोक्तानुसार विषयों पर सघन प्रशिक्षण कराया गया है। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में पदोन्नति प्राप्त सहायक रेडियो अधिकारी/रेडियो निरीक्षकगण के प्रशिक्षण की कोई व्यवस्था निर्धारित नहीं की गयी थी।

## प्रशिक्षण केन्द्र भोजनालय का निरीक्षण

दिनांक 04.12.2018 को श्री प्रमोद कुमार तिवारी, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित भोजनालय का गहनता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भोजनालय की व्यवस्था को देखा और परखा। मेन्यू के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार ने भोजनालय हेतु नई क्रय की गयी मशीनों के संचालन के सम्बन्ध में फॉलोवर्स से जानकारी प्राप्त की तथा मशीनों को चलवाकर देखा। पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार ने फॉलोवर्स से उनकी कठिनाईयों के सम्बन्ध में भी जानकारी की। निरीक्षण के दौरान श्री सत्य प्रकाश सिंह, उपमहानिरीक्षक, श्री रवीन्द्र सिंह, राज्य रेडियो अधिकारी, श्री राम निधि मौर्य, रेडियो निरीक्षक, श्री वी0के0 वर्मा, रेडियो निरीक्षक, श्री रुपक कुमार सिन्हा, रेडियो निरीक्षक इत्यादि उपस्थित रहे।







## सराहनीय कार्य

- मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार के निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| 29.12.2018 | वाराणसी |
| 29.12.2018 | गाजीपुर |
| 16.12.2018 | रायबरेली |

- निम्न कार्यक्रमों/पर्वो/अवसरों हेतु निर्विघ्न पुलिस संचार एवं सीसीटीवी सर्विलॉन्स व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद/स्थान | पर्व/अवसर |
|---|---|---|
| 16.12.2018 से 01 माह तक | अम्बेडकर नगर | गोविन्द साहब मेला |
| 02.12.2018 | अटल बिहारी बाजपेयी अर्न्तराष्ट्रीय स्टेडियम, लखनऊ | "सेलीब्रिटी क्रिकेट कप" क्रिकेट मैच |
| 26.11.2018 से 08.12.2018 तक | लखनऊ | लखनऊ महोत्सव |
| 24.11.2018 | फैजाबाद (अयोध्या) | शिवसेना का कार्यक्रम |
| 23.11.2018 | फैजाबाद (अयोध्या) | कार्तिक पूर्णिमा |
| 15.11.2018 | फैजाबाद (अयोध्या) | विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में धर्म सभा का आयोजन |

## कल्याणकारी कार्य

पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में दिसम्बर 2018 में 382 कार्मिकों का उपचार किया गया।

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश/उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के आदेश/निर्देश

1. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याः डीजी–तीन–124(1)2018 दिनांक 30.12.2018 द्वारा पुलिस सप्ताह–2018 के दौरान विभिन्न जनपदों, वाहिनियों एवं इकाईयों से सम्मिलित अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षकों तथा परेड की तैयारियाँ पूर्ण करने में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कठिन परिश्रम के फलस्वरूप परेड के उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपलक्ष्य में निम्नानुसार नकद पुरस्कार प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है–

(1) अराजपत्रित परेड प्रशिक्षक (प्रत्येक को) : रु0 1500/–, (2) निरीक्षक/दलनायक (प्रत्येक को) : रु0 1000/–, (3) उपनिरीक्षक/गुल्मनायक (प्रत्येक को) : रु 750/–, (4) मुख्य आरक्षी (प्रत्येक को) : रु0 500/–, (5) आरक्षी (प्रत्येक को) : रु0 400/–, (6) चतुर्थ श्रेणी कर्मी (प्रत्येक को) : रु0 300/–

2. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याः डीजी–तीन–124(1)2018 दिनांक 30.12.2018 द्वारा पुलिस सप्ताह–2018 के दौरान विभिन्न जनपदों, वाहिनियों एवं इकाईयों से सम्मिलित अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षकों तथा परेड की तैयारियॉ पूर्ण करने में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कठिन परिश्रम के फलस्वरूप परेड के उत्कृष्ट प्रदर्शन के उपलक्ष्य में उपरोक्त कार्मिकों को 05 दिवस का पारितोषिक अवकाश प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के परिपत्र संख्याः 63/2018 दिनांक 18.12.2018 द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य के अराजपत्रित अधिकारियों/कर्मचारियों के सेवाभिलेख में मूल निवास स्थान के पते को परिवर्तित करने के सम्बन्ध में आवश्यक उल्लिखित नियमों/निर्देशों से सभी सम्बन्धित को अवगत कराते हुए कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने/कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

4. उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज के कार्यालय ज्ञाप संख्याः सम्पूर्ति–विविध–2018 (कार्य स्था0) दिनांक 12.12.2018 द्वारा भविष्य में आर्म्स/एमूनेशन से सम्बन्धित कार्य अपर पुलिस महानिदेशक, लॉजिस्टिक्स (परिवहन एवं आयुध), चतुर्थ तल, जवाहर भवन, लखनऊ को स्थानान्तरित किये जाने से अवगत कराते हुए तद्नुसार पत्राचार करने की अपेक्षा की गयी है।

## रेडियो मुख्यालय के आदेश/कार्यालय ज्ञाप

1. उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) आपरेशन के पत्र संख्याः सी–216/2014 दिनांक 06.12.2018 द्वारा कुम्भ मेला से सम्बन्धित संदेशों का प्रेषण कुम्भ मेला कण्ट्रोल रूम में अधिष्ठापित क्यू–मेल केन्द्र की आई0डी0 PRJKUMBH.POLTEL पर तथा क्यू–मेल केन्द्र, कुम्भ मेला द्वारा रेडियो मुख्यालय से संचार आई0डी0 ALDZONE.POLTEL पर किये जाने इत्यादि निर्देश दिये गये हैं।

## पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के भ्रमण कार्यक्रम

1. दिनांक 08.12.2018 : जनपद गाज़ियाबाद की संचार इकाईयों का भ्रमण/निरीक्षण किया एवं बेहतर संचार व्यवस्था हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

2. दिनांक 10.12.2018 : प्रदेश पुलिस के ऑनलाईन किये गये डिज़ीटल वीएचएफ केन्द्रों के लाइसेंस निर्गमन के सम्बन्ध में डी.सी.पी. डब्ल्यू., नई दिल्ली के अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श किया।

## प्रशिक्षण

1. 70वें बैच के सीधी भर्ती के 16 आई0पी0एस0 प्रशिक्षुओं को रेडियो मुख्यालय का भ्रमण कराया गया, विभाग के सम्बन्ध में पॉवर प्वाइण्ट प्रस्तुतीकरण किया गया तथा प्रशिक्षुओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। प्रशिक्षुओं को पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार ने सम्बोधित करते हुए विभाग के बारे में अपने अनुभवों से अभिसिंचित किया।

2. दिनांक 17.12.2018 को पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में मासिक मेस गोष्ठी सम्पन्न हुई।

## सेवानिवृत्ति

- उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो से माह दिसम्बर–2018 में निम्न 01 राजपत्रित अधिकारी एवं 31 अराजपत्रित कार्मिक अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए–

1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री सुभाष चन्द्र शर्मा, रेडियो मुख्यालय, 2. रेडियो निरीक्षक, श्री वीर सिंह, हाथरस, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जगदीश, देवरिया, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मथुरा प्रसाद यादव, कानपुर नगर, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दिनेश कुमार सक्सेना, बदायूँ, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री तेज बहादुर सिंह, पीएसी मुख्यालय, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम प्रकाश, बरेली, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सै0 आले अली हाशमी, महोबा, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री पंकज कुमार सिंह, प्रयागराज, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बासुदेव, अलीगढ़, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बृजपाल सिंह, सहारनपुर,

12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कृष्णधर मिश्रा, रेडियो मुख्यालय, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मोहम्मद अहमद हाशमी, प्रतापगढ़, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सै0 मिराजुद्दीन, कानपुर नगर 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जयदेव सिंह, 28वीं वाहिनी पीएसी, इटावा, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बाबू सिंह, कानपुर देहात 17. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजाराम, सीतापुर, 18. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विश्राम मिश्रा, शाहजहाँपुर, 19. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ज्ञानेश्वर ओझा, प्रयागराज, 20. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मो0 इरशाद हुसैन, मऊ, 21. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बाबूराम प्रजापति, जालौन, 22. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बनारसी लाल, बरेली, 23. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मो0 शमी खान, हरदोई, 24. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम प्रकाश सिंह, गाज़ियाबाद, 25. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुभाष चन्द्र दुबे, सुल्तानपुर, 26. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वीरभान सिंह, इटावा, 27. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अमर सिंह, गौतमबुद्धनगर, 28. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री मो0 असगर अली, शाहजहाँपुर 29. प्र0परि0याँ0/2953, रमेश चन्द्र शर्मा, मुज़फ्फरनगर, 30. प्र0परि0/615, श्री अवध नारायण मिश्रा, कौशाम्बी, 31. संदेश वाहक, श्री ओम प्रकाश सैनी, मथुरा एवं 32. एसआईएम, लेखा, श्री राम धन कनौजिया, रेडियो मुख्यालय।

सभी सेवानिवृत्त कार्मिकों को परम्परागत रुप से पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान–पत्र प्रदान किये गये।

## विविध

1. जनपदों/वाहिनियों को न्यूमेटिक मास्ट 247 अद्द, 60 फिट लैटिस मास्ट 89 अद्द, 12 वोल्ट हैवी ड्यूटी बैट्री 1557 अद्द एवं जीपी–338 हैण्ड हेल्ड सेटों की एनआईएमएच बैट्रियाँ 3300 अद्द के वितरण की कार्यवाही दिनांक 21.12.2018 से प्रचलित है।

2. एटीएस/स्पॉट में दिनांक 13.12.2018 से प्रारम्भ 05 सप्ताह तक चलने वाले वीआईपी प्रोटेक्शन पीएसओ ट्रेनिंग हेतु अपर पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा मुख्यालय, लखनऊ के पत्र दिनांक 13.12.2018 के द्वारा माँग के अनुरुप 24 अद्द हैण्ड हेल्ड सेट दिनांक 14.12.2018 को सुरक्षा मुख्यालय को उपलब्ध कराये गये।

## विभागीय दक्षता प्रतियोगिता

- जनवरी 2019 में उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ पर वार्षिक विभागीय दक्षता प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित है।

# वर्ष 2018 : उपलब्धियाँ

## विशिष्ट अतिथियों के उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय पर भ्रमण

- दिनांक 11.11.2018 को पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ पर राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जनसामान्य के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, श्री राम नाईक जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री आशुतोष टण्डन, मा0 स्वास्थ्य शिक्षा मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, श्री ब्रजेश पाठक, मा0 कानून मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार, श्री प्रमोद कुमार तिवारी, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री राम गोपाल गुप्त, सेवानिवृत्त निदेशक, पुलिस दूरसंचार एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष, डॉ0 एम0एल0बी0 भट्ट, कुलपति, के0जी0एम0यू0, लखनऊ तथा ट्रस्ट के पदाधिकारी, अधिकारी/कर्मचारी इत्यादि उपस्थित रहे।
- दिनांक 26.07.2018 को पुलिस रेडियो मुख्यालय, लखनऊ पर राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं पुलिस रेडियो मुख्यालय द्वारा पुलिस रेडियो कार्मिकों के यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा–2018 में 75 प्रतिशत या अधिक प्राप्त करने वाले 15 मेधावी छात्र/छात्राओं का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि, डॉ0 दिनेश शर्मा, मा0 उप मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में श्री राम लाल, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) एवं ट्रस्ट के संरक्षक, श्री विद्यासागर सोनकर, एमएलसी, प्रदेश महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी, श्री ओ0पी0 सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, श्री राम गोपाल गुप्त, सेवानिवृत्त निदेशक, पुलिस दूरसंचार एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष, डॉ0 एम0एल0 भट्ट, कुलपति, के0जी0एम0यू0, लखनऊ तथा ट्रस्ट के पदाधिकारी, अधिकारी/कर्मचारी इत्यादि उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन

- निम्न महत्वपूर्ण दिवसों पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें रेडियो मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया–

अप्रैल 2018 एवं दिसम्बर 2018 में पुलिस सप्ताह कार्यक्रमों के आयोजन, उ0प्र0 पुलिस झण्डा दिवस, पीपीएस (सेवानिवृत्त) अधिकारियों की वार्षिक बैठक, राष्ट्रीय मतदाता दिवस, आतंकवाद विरोध दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह, विश्वकर्मा पूजा, गाँधी जयन्ती, राष्ट्रीय एकता दिवस, मानवाधिकार दिवस इत्यादि।

## पहल

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो के मासिक न्यूज़ लेटर के प्रकाशन का एक वर्ष पूर्ण हुआ।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के मासिक न्यूज़ लेटर का प्रकाशन कार्य जून 2018 से प्रारम्भ किया गया।

## उ0प्र0 पुलिस संचार के नये प्रतिमान

- गुजरात/कर्नाटक/मध्य प्रदेश में विधान सभा चुनावों में उ0प्र0 पुलिस के कन्टीन्जेण्ट हेतु पुलिस संचार व्यवस्था की स्थापना की गयी।
- उत्तर प्रदेश में 210 विदेशी प्रतिनिधियों/राजदूतों/विशिष्ट महानुभावों के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था की स्थापना की गयी।
- गोरखपुर ज़ोन के जनपदों में डिज़ीटल वायरलेस सेटों का अधिष्ठापन किया गया।
- कुम्भ मेला हेतु संचार उपकरणों का क्रय एवं अधिष्ठापन कराया गया।

## तकनीकी उन्नयन

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के अराजपत्रित कार्मिकों हेतु दिनांक 01.11.2018 से ऑन–लाईन अटेण्डेन्स प्रणाली लागू की गयी है।
- पुलिस रेडियो की कार्यप्रणाली को दीर्घकालिक रुप से पुष्पित एवं पल्लवित करने हेतु "पुलिस रेडियो मेल" सेवा का दिनांक 10.10.2018 से शुभारम्भ हुआ।

## संचार उपकरणों की व्यवस्था

- जेम एवं ई–निविदा द्वारा उपकरणों का क्रय पूर्ण किया गया।

## मूल-भूत व्यवस्थाओं की स्थापना

- रेडियो मुख्यालय के पारेषक गृह के जीर्णोद्वार एवं वातानुकूलन का कार्य पूर्ण कराया गया।
- मुख्य भवन/पोलनेट भवन/पारेषक गृह परिसर का सौंदर्यीकरण कराया गया।

▪ प्रशिक्षण कार्यों हेतु नवीन उपकरणों एवं फर्नीचर से सुसज्जित वातानुकूलित मॉडल व्याख्यान कक्षों, मॉडल प्रयोगशालाओं, मॉडल नियंत्रण कक्ष एवं कम्प्यूटर कक्ष की व्यवस्था की गयी।

▪ बारबर शॉप, जिम, गेस्ट हाउस इत्यादि का जीर्णोद्धार कराया गया।

## प्रशिक्षण कार्य

▪ प्रशिक्षु आई0पी0एस0/पी0पी0एस0/सी0एफ0ओ0 को पुलिस रेडियो मुख्यालय का भ्रमण एवं संचार उपकरणों की जानकारी दी गयी।

▪ पदोन्नति प्राप्त 51 सहायक रेडियो अधिकारी/रेडियो निरीक्षक का प्रशिक्षण पूर्ण कराया गया।

▪ पदोन्नति पात्रता प्रशिक्षण (ग्रेड–द्वितीय) के निरन्तर आयोजन कराये गये।

▪ अग्निशमन/कम्प्यूटर/सीसीटीवी/डीएमआर सेट के प्रशिक्षण कराये गये।

▪ महिलाओं (चतुर्थ श्रेणी) को कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराये गये।

▪ वोकेशनल ट्रेनिंग हेतु 10 पंजीकरण कराये गये।

▪ सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के वित्तीय लाभ के सदुपयोग हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।

▪ योग एवं आसन की कक्षाओं के आयोजन कराये गये।

## सभी के लिए प्रशिक्षण सामग्री की उपलब्धता

▪ उत्तर प्रदेश पुलिस की वेबसाईट पर 06 मैनुअल अपलोड कराये गये।

## कार्मिकों की ससम्मान विदाई

▪ उ0प्र0 पुलिस रेडियो से सेवानिवृत्त हुए समस्त कार्मिकों की ससम्मान विदाई सुनिश्चित की गयी।

## सामाजिक सरोकार

▪ गोमती नदी की सफाई हेतु सामूहिक श्रमदान ''हलमा'' में विभागीय दल ने प्रतिभाग किया।

▪ "वन महोत्सव" पर वृहद वृक्षारोपण किया गया।

▪ पॉलीथिन का प्रयोग बन्द करने हेतु "जागरूकता कार्यक्रम" में विभागीय कार्मिकों के 12 वर्ष आयु तक के बच्चों हेतु ''स्लोगन लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता'' का आयोजन किया तथा कॉलोनी में जूट के थैलों का निःशुल्क वितरण किया गया।

▪ पराक्रम दिवस पर सर्जीकल स्ट्राईक पर निर्मित फिल्म का प्रदर्शन कराया गया।

## पुरस्कार

▪ मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश से उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के लॉन को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।




सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। सहयोगीगण– श्री वी0के0 वर्मा, रेडियो निरीक्षक एवं श्री अख्तर अली, रेडियो उप निरीक्षक। डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
KAPOORTHALA, LUCKNOW

प्रतियाँ – 300